हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार,3 अप्रैल 2024

तापमान
अधिकतम 33 .0 डिग्री
न्यूनतम 13 .6 डिग्री

12 परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मिला सम्मान



12 बेहद ही सरल एवं रोचक तरीके से विद्यार्थियों ...



## खबर संक्षेप

### स्नेचिंग के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज स्नेचिंग के मामले में पुलिस ने आरोपी अंकुश कुमार को गिरफ्तार किया है। अब उसे जेल भेज दिया गया है। महिला ने 8 मार्च 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि दो नौजवान लडकों ने नजदीक वीटा प्लांट अम्बाला शहर के पास से उससे उसका पर्स छीन लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जिम्मेवारी सीआईए-1 को दी थी।

### धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना शहजादपुर क्षेत्र में किशोरी से दुर्व्यवहार व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी सुखविन्द्र सिंह उर्फ सुक्खा को गिरफ्तार किया है। किशोरी ने 1 अप्रैल 2024 को थाना शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने उसके घर में घुसकर उससे दुर्व्यवहार व जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### ठगी के आरोप में जीजा व साला गिरफ्तार

**पानीपत।** हुडा सेक्टर 29 थाना पुलिस ने दलीप सिंह मूल निवासी हंज कॉलोनी, फतेहाबाद हाल निवासी शिव नगर, पानीपत को बीपीएल कार्ड बनवाने का झांसा देकर 4800 रुपए ठगने के आरोप में राजू पुत्र किशनलाल निवासी अर्जुन नगर, काबडी क्षेत्र व इसके साले राजेश पुत्र श्रवण कुमार निवासी निकट दिल्ली पेरलल नहर को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियों ने सोमवार को भाई व बहन के साथ भी ठगी की थी।

### नेताजी एक्सप्रेस ट्रेन में महिला का पर्स छीना

**पानीपत।** पानीपत रेलवे स्टेशन से पहले चंडीगढ़ से दिल्ली वाली लेन पर नेताजी एक्सप्रेस ट्रेन में सवार ललिता सिन्हा पत्नी नीरज निवासी आदित्यापुर, जमशेदपुर, झारखंड का पर्स छीन कर एक युवक खिड़की से नीचे कूदकर फरार हो गया। नीरज की शिकायत पर जीआरपी पानीपत थाना ने केस दर्ज किया है। पर्स में एक मोबाइल, 5 हजार कैश, एक सोने की चेन समेत जरूरी दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, पेन कार्ड मौजूद थे।

### हादसे में यूपी के युवक की मौत

**पानीपत।** यमुना नदी पुलिस के पास दो बाइकों के बीच टक्कर हो गई। हादसे में संजीव कुमार निवासी गांव नंगला, बडौत, जिला बागपत, उत्तर प्रदेश की मौत हो गई। जबकि इसका साथी भोपाल निवासी गांव खोजकीपुर जिला पानीपत हादसे में घायल हुआ था। इधर, भोपाल की शिकायत पर थाना बापौली पुलिस ने टक्कर मारने वाले बाइक चालक पर केस दर्ज किया है।

### कट्टे के साथ पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए श्री पुलिस टीम ने चौटाला रोड पर धोला पुत्र लियाकत निवासी गांव तितरवाडा जिला उत्तर प्रदेश को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया। सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि आरोपी धोला के खिलाफ थाना औद्यागिक सेक्टर 29 में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग दर्ज करवाया गया है।

### मादक पदार्थ तस्कर को दाबेचा



**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में शौकिन निवासी तितरवाडा शामली से 60 ग्राम स्मैक व आरोपी रिहानी उर्फ रिहान निवासी सहारनपुर यूपी से 13.25ग्राम स्मैक बरामद की। सीआईए टू प्रभारी ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करवाए गए है।

# छोटे शहरों में फैशन शो होना अपने आप में बड़ी उपलब्धि: अभिनेत्री राव

## डीएवी गर्ल्स कॉलेज में पनाश-12 फैशन शो का आयोजन, जाह्नवी महाना बनी शो स्टॉपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

डीएवी गर्ल्स कॉलेज में फैशन डिजाइनिंग विभाग की ओर से पनाश-12 फैशन शो का आयोजन किया गया। इस दौरान हाल ही में रिलीज हुई एनीमल फिल्म अभिनेत्री अर्चना राव ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शिरकत की। जबकि मिसेज यूनिवर्स 2017 प्रतियोगिता में रनरअप मॉडल श्वेता अटवाल विशिष्ठ अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्रिंसीपल डॉ.मीनू जैन ने की। फैशन शो के दौरान बीएससी फैशन डिजाइनिंग अंतिम वर्ष की छात्रा जाह्नवी महाना शो स्टॉपर रहीं।

- नए ट्रेंड को फैशन शो के जरिए किया प्रदर्शित





यमुनानगर के डीएवी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित फैशन शो के दौरान प्रतिभा के जलवे बिखेरती मॉडल्स व उपस्थित मुख्य अतिथि अभिनेत्री अर्चना राव व अन्य।

मुख्य अतिथि अभिनेत्री अर्चना राव ने कहा कि छोटे शहरों में फैशन शो होने अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। डीएवी गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने शो के जरिए उमदा फैशन की प्रस्तुति दी है। छात्राओं ने फैशन के नए ट्रेंड को रेंप पर प्रदर्शित कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। जो कि काबिले तारीफ है। श्वेता अटवाल ने कहा कि ड्रेसिज के जरिए छात्राओं ने संस्कृति की झलक प्रस्तुत की है। फैशन शो के जरिए छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

निर्णायकों की भूमिका आईटीआई से सुचेता सेठी, फैशन डिजाइनर मीतू सलूजा व डोली लांबा ने निभाई। मौके पर फैशन डिजाइनिंग विभाग की प्राध्यापिका मनजीत कौर, निधि छाबड़ा, उर्वशी कांबोज, पूनम रंगा, पूजा राणा, सोनिया व अराधना ने सहयोग दिया।

### रैंप पर छात्राएं आत्मविश्वास से लबरेज दिखीं

डॉ.मीनू जैन ने कहा कि भारतीय संस्कृति में फैशन की भरमार है। उसी से प्रेरित होकर छात्राओं ने ड्रेरस डिजाइन की हैं। फैशन शो में भाग लेने वाली छात्राएं पिछले एक साल से तैयारी में जुटी हैं। छात्राओं ने खुद तैयार की गई ड्रेसिज को शो के जरिए प्रदर्शित किया है। जिसमें उनकी क्रिएटिविटी व इनोवेशन उभर कर सामने आई है। रैंप पर छात्राएं आत्मविश्वास से लबरेज दिखीं।

# गाड़ी के शीशों पर ब्लैक फिल्म मिली तो लगेगा 10 हजार जुर्माना

## अंबाला पुलिस चलाएगी विशेष अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पुलिस की ओर से अब गाड़ियों के शीशे पर ब्लैक फिल्म लगाने वालों के खिलाफ अभियान शुरू किया है। सात तक यह अभियान चलेगा। इस दौरान अगर किसी गाड़ी के शीशे पर काली फिल्म लगी मिली तो 10 हजार तक का जुर्माना लगाया जाएगा। पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा ने कहा कि पुलिस ऐसे वाहन चालको पर शिकंजा कसने जा रही है जो गाड़ियों के शीशे पर ब्लैक फिल्म लगाकर घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि गाड़ियों के शीशे पर ब्लैक फिल्म लगाना यातायात नियमों के विरूद्ध है। पुलिस ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ सख्ती से निपटेगी। ऐसे वाहन चालकों को नियमानुसार 10 हजार रूपये तक का जुर्माना भरना पड़ेगा। गाड़ी के शीशे पर काली फिल्म लगाना यातायात नियमों के खिलाफ है। इसके खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस विशेष अभियान चलाएगी। यातायात प्रबंधक, थाना प्रबंधकों और चौकी प्रभारियों को आदेश दे दिए गए हैं कि अगर कोई भी वाहन चालक अपनी गाड़ी पर ब्लैक फिल्म लगाए हुए मिलता है तो उसका चालान किया जाए। एसपी ने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। अभियान के दौरान तेज आवाज वाली बाइक के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

- एसपी ने सभी पुलिस अधिकारियों को गाड़ियों पर ब्लैक फिल्म लगाकर घूमने वालों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए

# सूने घर व दुकान को चोरों ने खंगाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

ट्विन सिटी में चोरों ने सूने घर व दुकान का ताला तोड़कर 67 हजार रुपये की नकदी, सोने व चांदी के आभूषण व अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज

जानकारी के अनुसार कांसापुर निवासी शीशपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह प्रोफेसर कॉलोनी में किराए के मकान में रहता है। एक अप्रैल को वह और उसकी पत्नी सरोज अपने-अपने काम पर चले गए थे।

शाम को जब उसकी पत्नी घर लौटी तो उसने घर का लगा ताला टूटा मिला और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। उसकी पत्नी ने उसे घर में चोरी होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही वह घर पहुंचा।

जांच करने पर घर में लोहे की अलमारी से सात हजार रुपये, सोने की बालियां, पाजेब, दो अंगूठियां, चुकटी व गैस सिलेंडर गायब मिला। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### किरयाने की दुकान से 60 हजार रुपये चोरी



दुर्गा गार्डन कॉलोनी निवासी प्रदीप गुप्ता ने बताया कि उसकी कॉलोनी में ही काली माता मंदिर के पास करियाने की दुकान है। वह 31 मार्च को रात 10 बजे दुकान बंद करके घर चला गया था। सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा तो दुकान के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर गल्ले से 60 हजार रुपये व अन्य सामान गायब मिला। उसने बताया कि चोरों ने दुकान की छत पर बनी सीढ़ियों का गेट काटकर अंदर आए और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### सनातन धर्म में ओंकार की साधना ही सर्वश्रेष्ठ

**कुरुक्षेत्र।** ओशोधारा नानक धाम मुरथल के संस्थापक समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया ने ओंकार का महत्त्व साधकों को बताया कि ओंकार स्वयं ब्रह्म है। सम्पूर्ण विश्व में सनातन धर्म ही सर्वश्रेष्ठ है। सनातन धर्म में ध्यान और ओंकार का बहुत महत्व है। ओंकार से दूर होते जाना नर्क है और ओंकार के पास आना स्वर्ग है। ओंकार से जुड़ना ध्यान है और ओंकार के साथ एक होना ही समाधि है। बिनु सत्संग विवेक ना होई , राम कृपा बिना सुलभ न सोई। ध्यान से प्रज्ञा बढ़ती है और प्रज्ञा से ध्यान बढ़ता है। सनातन धर्म में वैज्ञानिकता समाहित है मानो मत जानो। ओशोधारा मैत्री संघ हिमाचल प्रदेश के संयोजक आचार्य डा. सुरेश मिश्रा ने बताया कि 21 विभिन्न स्थानों पर 600 से ज्यादा साधकों ने ध्यान योगा कार्यक्रम में ओंकार दीक्षा सिद्धार्थ औलिया से ऑनलाइन प्राप्त की।

# ओलंपियन नवनीत कौर लोकसभा चुनावों के लिए बनी यूथ आइकॉन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भारतीय महिला हॉकी टीम की सेंटर फारवर्ड खिलाड़ी एवं ओलम्पियन नवनीत कौर को जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए महिला यूथ आइकॉन बनाया है। यह खिलाड़ी कुरुक्षेत्र के नागरिकों को 25 मई के दिन अपने मत का ईमानदारी से प्रयोग करने के लिए प्रेरित करेंगी। अहम पहलू यह है कि कुरुक्षेत्र के लिए यह बड़ी उपलब्धि है कि भारतीय महिला हॉकी टीम की सदस्य ओलम्पियन नवनीत कौर नियमित रूप से मतदाताओं को जागरूक करेंगी। भारतीय महिला हॉकी टीम की सेंटर फारवर्ड खिलाड़ी एवं ओलम्पियन नवनीत कौर ने कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के युवाओं को जो 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके है, से आह्वान किया है कि राष्ट्र की मजबूती और लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक मतदाता को निष्पक्ष और पारदर्शी प्रणाली से अपने मत का प्रयोग जरुर करना चाहिए। इन लोकसभा चुनावों के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इस शेड्यूल के अनुसार कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में 25 मई को मतदान होगा। इसलिए कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के सभी मतदाता, खासकर युवा मतदाता अपने-अपने बूथ पर जाकर अपने मत का प्रयोग जरुर करें। चुनाव तहसीलदार सरला ने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा के आदेशानुसार शाहबाद से भारतीय महिला हॉकी टीम की सदस्य एवं ओलम्पियन नवनीत कौर को महिला यूथ आइकॉन बनाया गया है।

- ओलम्पियन नियमित रूप से मतदाताओं को जागरूक करेंगी



ओलम्पियन नवनीत कौर

# इंडोनेशिया घूमने गया सरिया व्यापारी परिवार समेत लापता

करनाल। करनाल से इंडोनेशिया घूमने गए सरिया व्यापारी परिवार समेत लापता हो गया है। परिवार को एक सप्ताह में वापिस इंडिया लौटना था, लेकिन उसके बाद से ही मोबाइल नंबर स्विच ऑफ आ रहे है। जिससे परिजनों की चिंता बढ़ गई और उन्होंने मामले की शिकायत सिविल लाइन थाना को की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस जांच कर रही है। करनाल के पुरूषोतम गार्डन निवासी राजेश कुमार ने पुलिस को शिकायत दी है। जिसमें उसने बताया है कि बीती 24 मार्च को होली वाले दिन उसका भाई सुनील मित्तल (45 वर्ष ), अपनी पत्नी आशु मित्तल (42 वर्ष) व बेटी सिया मित्तल (19 वर्ष) के साथ इंडोनेशिया के बाली में घूमने के लिए गए थे। सुनील मेरी माता जी को ही सूचना देकर गया था कि वह घूमने के लिए जा रहा है और एक सप्ताह में वापिस लौट आएगा। पूरा परिवार खुशी खुशी घर से निकला। राजेश ने बताया कि मैने 24 मार्च को शाम को ही कॉल किया था और मेरी बात भी हो गई थी। जब अगले दिन कॉल किया गया तो भाई, भाभी व भतीजी तीनों का ही मोबाइल नंबर बंद आया। वे इंतजार करते रहे कि कॉल आ जाएगा, लेकिन कॉल नहीं आया। जिससे उनकी चिंता ओर भी ज्यादा बढ़ गई। वे कहां पर है और किस हालत में है इसका कुछ पता नहीं है। लिहाजा मामले की शिकायत पुलिस को की है। जांच अधिकारी गुलिवंद्र सिंह ने बताया कि राजेश ने अपने भाई, भाभी व भतीजी के लापता होने की शिकायत दी है। शिकायत के आधार पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- पत्नी और बेटी के साथ गया था सुनील

# अनाज मंडी आढ़तियों ने दूसरे दिन भी किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

हरियाणा स्टेट अनाजमंडी आढ़ती एसोसिएशन के आहवान पर रादौर अनाज मंडी के आढ़तियों द्वारा किया जा रहा धरना प्रदर्शन मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। जिला प्रधान शिवकुमार संधाला के नेतृत्व में आढ़तियों ने अपनी मांगों को लेकर मार्केट कमेटी कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन कर रोष प्रकट किया।

- आढ़तियों का कमीशन ढाई प्रतिशत निर्धारित करने की मांग

जिला प्रधान शिवकुमार संधाला ने बताया कि आढ़तियों ने सरकार व प्रशासन से मांग की है कि आढ़तियों का जो कमीशन ढाई प्रतिशत निर्धारित किया गया है। सरकार उसे पूरा कमीशन दे। किसानों के भुगतान के मूल्य को किसान की सहमति के अनुसार सीधा किसान को दे या किसान की सहमति से आढ़ती के माध्यम से भुगतान हो। हरियाणा प्रदेश की सीमांत मंडियों में सीमांत प्रदेश के किसानों की फसलों को भी सरकार द्वारा खरीदा जाए। क्योंकि यह मंडियां सिर्फ सीमांत प्रदेश के किसानों की वजह से विकसित की गई थी। इसलिए उनकी उपज में वहां बिकवाई जाए। उन्होंने कहा कि पिछले काफी समय से सूरजमुखी, सरसों, बाजरा व अन्य फसलों की खरीद कर किसानों से सीधी मार्केटिंग कम प्रोसेसिंग समिति के माध्यम से की जा रही है। वह सभी खरीद आढ़तियों के माध्यम से की जाए। जिसमें मुख्य रूप से कपास भी एक फसल है। उन्होंने बताया कि जीएसटी व अन्य मार्केटिंग बोर्ड के गलत फैसले के कारण मंडियों में आढ़तियों को दिक्कतें आ रही हैं। इन समस्याओं का भी जल्द समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि आढ़तियों का धरना प्रदर्शन 5 अप्रैल तक जारी रहेगा।



यमुनानगर के रादौर में अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करते मंडी के आढ़ती। फोटो : हरिभूमि

**सख्ती**

**2 करोड़ 92 लाख 32 हजार 376 रुपये की वसूली की जाएगी**

# चार सम्पत्ति कर बकायादारों से वसूली के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने, निगम क्षेत्र के 4 भिन्न-भिन्न सम्पत्ति कर बकायादारों से, कर जमा न करवाए जाने की सूरत में 2 करोड़ 92 लाख 32 हजार 376 रुपये की वसूली किए जाने के आदेश जारी किए हैं। आदेश में कहा गया है कि नगर निगम की ओर से उपरोक्त बकायादारों को 2010-11 से 2023-24 के बकाया टैक्स को निगम कार्यालय में जमा करवाने के लिए नोटिस जारी किए गए थे, बावजूद इसके मालिकों द्वारा टैक्स जमा करवाने के प्रति कोई कार्रवाई नहीं की गई। बकायादारों में एक सम्पत्ति दयानंद नगर तथा शेष तीन सम्पत्तियां बलड़ी व उचाना के निकट नेशनल हाईवे पर स्थित हैं। इनकी ओर 2 करोड़ 18 लाख 46 हजार 600 रुपये, 46 लाख 62 हजार 866 रुपये, 24 लाख 40 हजार 344 रुपये तथा 2 लाख 82 हजार 566 रुपये का सम्पत्ति कर बकाया है। निगम आयुक्त द्वारा जारी आदेशों में उपरोक्त सभी डिफॉल्टरों की ओर बकाया राशि की रिकवरी के लिए उप निगम आयुक्त को, आपदा प्रबंधन विभाग पंजाब भूमि राजस्व अधिनियम 1887 के तहत भू-राजस्व के क्षेत्र के रूप में घोषित राशि की वसूली के लिए अधिकृत किया गया है। आदेश में यह भी कहा गया है कि उपरोक्त सभी सम्पत्तियों के मालिक या कब्जाधारी, नगर निगम आयुक्त की लिखित अनुमति के बिना इस सम्पत्ति की बिक्री, पट्टों या किराए पर देकर कोई शुल्क नहीं ले सकेंगे।

निगमायुक्त ने बताया कि उपरोक्त चारों संस्थानों को कुर्की के नोटिस जारी किए जा चुके हैं, जल्द ही इनकी सम्पत्तियों की कुर्की करने की कार्रवाई शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रॉपर्टी टैक्स डिफाल्टरों से वसूली को लेकर नगर निगम सख्ती बरतेगा।



नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा

- बकायादारों को टैक्स जमा करवाने के लिए नोटिस जारी किए गए थे, बावजूद इसके मालिकों ने टैक्स जमा करवाने के प्रति कोई कार्रवाई नहीं की गई
- बकायादारों में एक सम्पत्ति दयानंद नगर तथा शेष तीन सम्पत्तियां बलड़ी व उचाना के निकट नेशनल हाईवे पर स्थित

### लिफ्ट देने के बहाने महिला से की छेड़छाड़

**यमुनानगर।** लिफ्ट देने के बहाने एक व्यक्ति ने महिला के साथ छेड़छाड़ व मारपीट की। सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि एक अप्रैल को वह गांव दामला से अपने गांव में आ रही थी। नहर की पटरी के पास एक व्यक्ति ने उसकी पास अपनी बाइक रोकी और उसे कहा कि वह गांव अलाहर जा रहा है। वह उसे छोड़ देगा। जब जब अपने गांव के पास पहुंची तो उसने आरोपी बाइक चालक को रूकने के लिए कहा। मगर आरोपी ने तेज गति से बाइक चला दी। उसने चलती बाइक से नीचे छलांग लगा दी। इसके बाद आरोपी बाइक रोककर उसके पास आया और उसके साथ छेड़छाड़ व मारपीट करने लगा।

# एशिया सोसाइटी इंडिया सेंटर बोर्ड की अध्यक्ष बनी संगीता

हरिभूमि न्सूज ▶▶| पानीपत

एशिया सोसाइटी इंडिया सेंटर बोर्ड ने संगीता जिंदल को अपने निदेशक मंडल के नए अध्यक्ष के रूप में चुने जाने की घोषणा की है। वही, एशिया सोसाइटी इंडिया सेंटर की सीईओ इनाक्षी सोबती ने संगीता जिंदल के अध्यक्ष बनाए जाने पर खुशी जताई। इधर, संगीता जिंदल आर्ट इंडिया की प्रेसिडेंट और जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन की चेयरपर्सन हैं। यह फाउंडेशन जेएसडब्ल्यू ग्रुप ऑफ कंपनीज की सामाजिक विकास परियोजनाओं पर काम करती है। पिछले बीस वर्षों में संगीता जिंदल जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन का नेतृत्व कर रही हैं, इसने शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका सृजन, स्थानीय खेल विकास और कला और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के क्षेत्रों में अपनी गतिविधियों का दायरा बढ़ाया है।



संगीता जिंदल।

**खबर संक्षेप**

### बदमाशों ने युवक से पैसे छीनने का किया प्रयास

**यमुनानगर।** पावंटा हाइवे पर लालढांग के पास बदमाश ने पिस्टलनुमा हथियार के बल पर स्कूल बैग बेचकर लौट रहे युवक से पैसे छीनने का प्रयास किया। युवक के शोर मचाने पर आरोपी बदमाश कार में अपने तीन साथियों के साथ बैठकर फरार हो गया। ढ़ी मुंडों कॉलोनी जगाधरी निवासी साहिल अहमद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह एक अप्रैल को दोपहर को जब वह स्कूल बैग बेचकर घर लौट रहा था तो वह लालढ़ांग के पास पेशाब करने के लिए रूक गया। इस दौरान एक युवक उसके पास आया और उसके साथ जबदस्ती छीना झपटी करने लगा। उसने आरोपी को धक्का दिया तो आरोपी ने उसने जेब से पिस्टलनुमा हथियार निकाला और उसके पैसे छीनने का प्रयास किया। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी एक कार में बैठकर फरार हो गया। उस कार में तीन अन्य युवक पहले ही बैठे हुए थे। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### आईटीआई के 51 छात्रों का चयन

**पानीपत।** आईटीआई, जाटल में वीपरो हाईड्रो इलेक्ट्रीक प्राइवेट लिमिटेड, याजाकी इंडिया प्राईवेट लिमिटेड, आईसीन ऑटो मॉटिव हरियाणा प्राईवेट लिमिटेड कांटीनेंटल प्राईवेट लिमिटेड की ओर से कैम्पस प्लेसमेंट अभियान का आयोजन किया गया जिसमें संस्थान के इलेक्ट्रीकल, मकेनिकल, कैमिकल इंजीनियरिंग डिप्लोमा के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने कैम्पस प्लेसमेंट ड्राईव ने हिस्सा लिया। जिसमें 51 विद्यार्थियों का चयन किया गया है।

### सालासर धाम से पूजित ध्वज व सिंदूर लाए

**पानीपत।** हर घर में सालासर से पूजित ध्वज स्थापित किया जाएगा। हनुमान जन्मोत्सव समिति के 11 सदस्य कल राजस्थान स्थित सालासर धाम से झंडे पानीपत वासियों के लिए लाए हैं। सालासर धाम के मुख्य पुजारी गट्टू महाराज ने कहा कि सालासर धाम के कण कण में हनुमान जी की कृपा विराजमान है। पानीपत के हनुमान जन्मोत्सव के माध्यम से जन जन तक यहां का सिन्दूर व धर्म ध्वज पहुंचेंगे तो सभी को धर्मलाभ होगा।

## 360 विद्यार्थियों को वितरित की डिग्री

# जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में हुआ दीक्षांत समारोह



**यमुनानगर।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में आयोजित समारोह में मेधावी छात्रों को सम्मानित करते मुख्यातिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में मंगलवार को 22वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति प्रोफेसर बीआर कांबोज बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए तथा विद्यार्थियों को सम्मानित किया। दीक्षांत समारोह की शुरुआत भव्य राजसी शैक्षिक जलसे से हुई। समारोह की शुरुआत देवी सरस्वती के मंगल चरण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुई। समारोह की औपचारिक रूप से शुरूआत संस्थान के निदेशक डॉ.एसके गर्ग ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी।

मुख्य अतिथि प्रोफेसर बीआर कांबोज ने छात्रों को बधाई देते हुए उन्हें जीवन में राष्ट्रीय स्तर तक सीमित न रहकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक अपनी प्रतिभा को दर्शाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि आज के इस युग में नवप्रवर्तन एवं विश्लेषण का बहुत महत्व है। जिसके बिना उन्नति की परिकल्पना भी नहीं की जा सकती। उन्होंने छात्रों को कॉरपोरेट जगत में अवसरों को ध्यान में रखते हुए स्वयं में विभिन्न तकनीकों एवम् कौशल में निपुणता लाने की बात कही। समारोह में एमसीए, एमबीए, बी टेक, बीबीए व बीसीए के लगभग 360 छात्रों को मुख्य अतिथि ने डिग्रियां देकर सम्मानित किया।

**संस्थन अन्य कौशल भी छात्रों से सांझा करता**

डॉ.एसके गर्ग ने बताया कि संस्थान औद्योगिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तकनीकी शिक्षा के अतिरिक्त अन्य कौशल भी छात्रों से साँझा करता है। संस्थान के सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस इसी का प्रतीक है। डॉ.गर्ग ने संस्थान में कार्यशील सेंटर्स ऑफ़ एक्सीलेंस जिसमें डाइकिन, रोबोटिक्स, मेट लैब, टेक्सास इंस्ट्रूमेंटेशन की जानकारी एवं अन्य कार्यशील व प्रगतिशील प्रयासों से भी परिचित कराया।

# प्रभात फेरी का हुआ भव्य स्वागत

- प्रभात फेरी में बाबा लाल जी का स्वरूप रहा मुख्य आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** रामपुरा कॉलोनी में निकाली गई प्रभात फेरी के दौरान भजन गाती श्रद्धालु।

श्रीलाल द्वारा प्रबंधक कमेटी के बैनर तले निकाली जा रही प्रभात फेरियों का मंगलवार को रामपुरा कॉलोनी में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर जहां पर जहां सतगुरु बाबा लाल दयाल जी महाराज के मनमोहक स्वरूप का स्वागत किया वहीं भजनों पर भी श्रद्धालु जमकर झूमे। ऐसा लग रहा था मानो श्री ध्यानपुर धाम यहीं पर हो। प्रभात फेरी का शुभारंभ श्री हनुमान मंदिर रामपुरा कॉलोनी से हुआ। यहां मंदिर के आचार्य शारदा मिश्रा व प्रतिभा मिश्रा मुखिया यजमान के रूप में शामिल हुए और पूजा अर्चना करवा कर प्रभात फेरी का शुभारंभ करवाया। पंडित रजनीश शास्त्री ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करवाई। इसके बाद ढोल नगाड़ों के साथ प्रभात फेरी रवाना हुई जिसमें सतगुरु बाबा लाल दयाल जी महाराज का मनमोहक स्वरूप आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। इस दौरान भजन मंडली की सदस्यों ने जागो जागो जागने वाले आ गए, आपके घर द्वार पर बाबा लाल जी का दीदार करवाने वाले आ गए, भजन को खूब सराहा गया। प्रभात फेरी श्री हनुमान मंदिर से आरंभ होकर कॉलोनी के विभिन्न इलाकों से होती हुई श्रद्धालु रवि के निवास स्थान पर पहुंची जहां आरती के बाद प्रभात फेरी को विश्राम दिया गया।

# सुनील बने राधे हरि गऊ धाम संस्था के चेयरमैन



**यमुनानगर।** जम्मू कॉलोनी बी निवासी सुनील कुमार को नियुक्ति पत्र सौंपते संस्था के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

राधे हरि गऊ धाम संस्था द्वारा जम्मू कॉलोनी बी निवासी सुनील कुमार को जिला यमुनानगर का चेयरमैन नियुक्त किया है। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिदास उर्फ सन्नी उपाध्याय द्वारा उन्हें नियुक्त पत्र सौंपा गया। सुनील कुमार ने उन्हें चेयरमैन बनाने पर संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गई है वह उन्हें पूरी निष्ठा व इमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि वह जिले में गऊ रक्षा के लिए काम करेंगे। जल्द ही जिला प्रशासन से मिलकर सड़कों पर घूम रहे गौवंशजों को पकड़ने का अभियान चलाया जाएगा।

### मारपीट में आधा दर्जन लोगों के खिलाफ केस

**यमुनानगर।** गांव पिलखनवाला में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पिलखनवाला निवासी युनूस ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव के ही कामिल ने अपनी आठ कनाल जमीन को साढौरा निवासी रजनी व उसके पुत्र सागर को बेच दी थी। जिसके बाद उन लोगों ने उक्त जमीन को हिमाचल प्रदेश के गांव खारी निवासी शकीला को बेच दी थी। शकीला ने उसे जमीन पर पावर ऑफ अटॉर्नी दे रखी है। एक अप्रैल को जब वह खेत में आया तो सुनहरदीन, कामिल, आयूब, खालिद, मुकमदीन व तयैब हुसैन ने उसे उक्त जमीन में घुसने से रोका और उसके साथ मारपीट की।

# चौधरी विजयवेद पाल को किया सम्मानित

- ढ़ांडा खाप पंचायत ने सम्मान समारोह का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



**यमुनानगर।** कंड्रौली गांव के वरिष्ठ समाजसेवी एडवोकेट विजयवेद पाल का पगड़ी पहनाकर ढांडा खाप के प्रतिनिधि सम्मान करते हुए।

ढांडा खाप पंचायत के तत्वावधान में कस्बा में सम्मान समारोह का आयोजन कर सर्वजातीय महासभा के उपप्रधान एवं एनसीपी प्रदेशाध्यक्ष चौधरी विजयवेद पाल एडवोकेट को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। उन्हें सम्मानित समाज कल्याण के कार्योर् में दिए उत्कृष्ट योगदान के लिए किया गया। प्रदेश के पूर्व डिप्टी स्पीकर चौधरी वेदपाल के पुत्र विजयवेद पाल एडवोकेट ने बताया की धनौरी गांव में सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिए, जल को बचाने के लिए और नशे से भावी पीढ़ी को बचाने के लिए बड़े स्तर पर जागृति अभियान चलाने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। विजय वेदपाल ने कहा कि समलिंगी विवाह, लिव इन रिलेशनशिप व विवाह पूर्व फोटोग्राफी, शूटिंग, जमीन बेच कर विदेश जाने की युवाओं की प्रवृत्तिए नई पैदा हो रही सामाजिक कुरूतियों को विधिक रूप से खत्म करने के लिए राज्य व केन्द्र स्तर पर प्रयास करके आवश्यक संशोधन कानून में करने का प्रयास किया जाएगा। विजय वेदपाल ने कहा कि पंचायत ने जो पगड़ी व सम्मान मुझे प्रदान किया है। यह सम्मान मेरे लिए एक शक्ति व आर्शीवाद का काम करेगा। इस अवसर पर खाप के प्रधान देवव्रत ढांडा ने कहा कि हम भाईचारा बना कर रखेंगे। इस अवसर पर राजाराम ढाण्डा, सुरेन्द्र सिंह ढांडा, कपिल सरपंच, देव ढांडा, अभिनन्दन ढांडा, लाभ सिंह, गुरदीप व सुखबीर आदि मौजूद रहे।

# पारदर्शी चुनाव करवाने में नागरिक भी करें सहयोग

- सीईओ जिला परिषद एवं मास्टर ट्रेनर पंकज सेतिया ने जिला सचिवालय में आयोजित चुनाव ड्यूटी से संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में आयोजित चुनाव ड्यूटी से संबंधित अधिकारियों को चुनाव के बारे में प्रशिक्षण देते मास्टर ट्रेनर पंकज सेतिया। *फोटो : हरिभूमि*

जिला सचिवालय में चुनाव ड्यूटी से संबंधित अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सीईओ जिला परिषद एवं मास्टर ट्रेनर पंकज सेतिया ने चुनाव ड्यूटी से संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया। सीईओ जिला परिषद एवं मास्टर ट्रेनर पंकज सेतिया ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता की अनुपालना में अब आमजन भी भारत निर्वाचन आयोग के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। उन्होंने कहा कि जिला के नागरिकों को सतर्क होकर लोकसभा चुनाव में भाग लेना होगा। इसके लिए भारत चुनाव आयोग ने सी.विजिल मोबाइल एप बनाया है। सीविजल मोबाइल एप के माध्यम से आमजन को चुनाव ऑब्जर्वर के समान एक शक्ति प्रदान की हैए जिस पर वे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होने की शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। नागरिक अपने मोबाइल से फोटो व वीडियो, ऑडियो भी सी विजिल ऐप पर भेज सकते हैं।

**शिकायत का समाधान किया जाएगा**

मास्टर ट्रेनर पंकज सेतिया ने कहा कि नागरिक आयोग के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी का काम करेंगे और निष्पक्ष, स्वच्छ और पारदर्शी बनाने में सहयोग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि नागरिक गूगल प्ले स्टोर से इस एप्लिकेशन को एंड्राइड फोन तथा ऐप स्टोर से आई फोन पर डाउनलोड कर सकते हैं। आमजन फोटो खींच सकते हैं या दो मिनट की वीडियो भी रिकॉर्ड करके इस एप पर अपलोड कर सकते हैं। वह फोटो और वीडियो जीपीएस लोकेशन के साथ एप पर अपलोड हो जाएगी। शिकायत दर्ज करने के 100 मिनटों में शिकायत का समाधान किया जाएगा। इसके अलावा संबंधित शिकायत नेशनल ग्रीवांस रिड्रेसल सिस्टम पोर्टल पर भी डाल सकते हैं।

# रादौर में फायर ब्रिगेड की गाड़ी की करें व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



भाकियू के जिला अध्यक्ष संजू गुंदियाना।

- भारतीय किसान यूनियन(चढ़ूनी) ने की दमकल गाड़ी की व्यवस्था किए जाने की मांग

भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) ने रादौर क्षेत्र में गर्मी के सीजन में दमकल की गाड़ी की व्यवस्था किए जाने की मांग की है। यूनियन के जिला अध्यक्ष संजू गुंदियाना का कहना है कि पिछले काफी लंबे समय से रादौर की अनाज मंडी में एक दमकल की गाड़ी खड़ा करने के लिए मांग की जा रही है। मगर सरकार इसके प्रति गंभीर नहीं है। यूनियन के जिला अध्यक्ष संजू गुंदियाना ने रादौर में आयोजित यूनियन की बैठक में कहा कि गेहूं की फसल पकने को तैयार खड़ी है। हर वर्ष रादौर क्षेत्र में कहीं शार्ट सर्किट से तो कहीं विभिन्न कारणों से किसानों की गेहूं व गन्ने की फसल में आग लग जाती है। मगर क्षेत्र में दमकल की गाड़ी नहीं होने से किसानों को आग लगने से भारी नुक्सान होता है। इस संबंध में परादौर क्षेत्र के लिए कस्बा की अनाज मंडी में फायर ब्रिगेड की व्यवस्था किए जाने की मांग की जा रही है।

# भारतीय संस्कृति में यज्ञ का है बड़ा महत्वः शर्मा

- न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल चांदपुर यमुनानगर में यज्ञ का आयोजन कर किया नए शिक्षा सत्र का शुभारंभ
- हवन-यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर विद्यार्थियों के लिए की नए शिक्षा सत्र में शानदार सफलता की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ पर हवन-यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर सफलता की कामना करते हुए विद्यार्थी व स्टॉफ सदस्य।

न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल चांदपुर (यमुनानगर) में मंगलवार को नए शिक्षा सत्र का शुभारंभ किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों व स्टॉफ सदस्यों ने हवन-यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर नए शिक्षा सत्र में शानदार सफलता की कामना की। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में स्कूल प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जीएस शर्मा ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता स्कूल की मुख्याध्यापिका डॉ. बिंदु शर्मा ने की। हवन यज्ञ का शुभारंभ गायत्री मंत्र से किया गया।

**विद्यार्थी परिश्रम करे**

मुख्यातिथि एवं स्कूल प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जीएस शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में यज्ञ का बहुत बड़ा महत्व है। कोई भी शुभ कार्य का आरंभ करने से पूर्व हवन करवाने से वातावरण शुद्ध होता है। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से ही किसी भी कार्य को आरम्भ करने से पूर्व यज्ञ करने की प्रथा रही है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों की नए शिक्षा सत्र में सफलता व उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर विद्यालय की मुख्याध्यापिका डॉ. बिंदु शर्मा ने विद्यार्थियों को समझाया कि परिश्रम व अभ्यास सफलता की कुंजी है। विद्यार्थीगण अपनी सफलता के लिए सदा ही परिश्रम करते रहें तथा सफलता प्राप्त कर अपना भविष्य उज्ज्वल बनाए। उन्होंने ईश्वर से सभी विद्यार्थियों के मंगलमय भविष्य की कामना की।

# नेत्रहीन मतदाताओं की सुविधा के लिए एपिक कार्ड होगी जारीः कैप्टन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** नजानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार।

- दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था होगी

निर्वाचन आयोग की ओर से नेत्रहीन दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए एपिक कार्ड और फोटो वोटर स्लिप ब्रेल लिपि में छपवाई जाएगी। ब्रेल बैलेट पेपर तथा ईवीएम पर स्लिप की सुविधा भी उपलब्ध होगी। उक्त जानकारी मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि चुनाव के दौरान दिव्यांग मतदाताओं को अनेक प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। जिसमें व्हीलचेयर की व्यवस्था, मतदान केंद्रों में रैम्प और परिवहन की सुविधा शामिल है। उन्होंने बताया कि सभी दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने और वापस घर छोड़ने के लिए वाहन की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी और जो मतदाता चलने में असमर्थ हैं उन दिव्यांग मतदाताओं को व्हीलचेयर भी उपलब्ध करवाई जाएगी।

## विद्यार्थियों को मानव श्रृंखला बनाकर लोकतंत्र में भागीदारी का दिलाया जा रहा है संकल्प

# सुण ल्यो भाई सारे मतदाताओं वोट डाल कै आणा सै....गीतों के माध्यम से वोट डालने के लिए किया जा रहा है जागरुक

- जिला प्रशासन की प्रचार टीमें शिक्षण संस्थाओं में विद्यार्थियों को मानव श्रृंखला बनवाकर वोट डालने के लिए कर रही हैं जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** शिक्षण संस्थानों में वोट डालने के लिए जागरुक करने के लिए विद्यार्थियों से बनवाई गई मानव श्रृंखला। *फोटो : हरिभूमि*

सुण ल्यो भाई सारे मतदाताओं वोट डाल कै आणा सै, अपणे हाथां तै थमनै भारत का भाग्य बनाना है...आदि गीतों के माध्यम से जिला प्रशासन की प्रचार टीमों द्वारा विद्यार्थियों को वोट डालने के लिए जागरुक किया जा रहा है। मंगलवार को प्रशासन की प्रचार टीमों द्वारा विभिन्न शिक्षण संस्थानों में जाकर विद्यार्थियों को मानल श्रृंखला बनवाकर वोट डालने के लिए जागरुक किया गया। इस दौरान कलाकारों द्वारा गीतों के माध्यम से विद्यार्थियों को वोट डालने के लिए प्रेरित किया। जिले में 18वें लोकसभा आम चुनाव में पिछले चुनाव की अपेक्षा मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय और जिला प्रशासन सहित अन्य विभागों द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियां निरंतर आयोजित की जा रही हैं।

**जागरूकता का संदेश दे रहे**

मतदाताओं को जागरूक व प्रेरित करने के लिए बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दे रहे हैं। मंगलवार को यमुनानगर व जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में स्वीप गतिविधियां आयोजित कर मतदाताओं को 25 मई को लोकसभा आम चुनाव के दिन बढ़चढ़कर मतदान करने के लिए जागरूक व प्रेरित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों से मानव श्रृंखला बनवाकर उन्हें वोट डालने के लिए प्रेरित किया गया। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने आहवान किया कि मतदाता मतदान प्रक्रिया में भाग लें और मतदाता होने पर गर्व व गौरव की अनुभूति करें। उन्होंने बताया कि जिला में लोकसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से आगामी 25 मई तक स्वीप गतिविधियां जारी रहेंगी।

# नए शिक्षा सत्र का किया शुभारंभ

- राजकीय माध्यमिक विद्यालय खजूरी में आयोजित किया हवन-यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** गांव खजूरी स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में नए शिक्षा का हवन यज्ञ करके शुभारंभ करते हुए स्टॉफ सदस्य व विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

राजकीय माध्यमिक विद्यालय खजूरी में मंगलवार को हवन-यज्ञ करके नए शिक्षासत्र व प्रवेश उत्सव का शुभारंभ किया गया। इस दौरान नए सत्र में प्रवेश पाने वाले कक्षा पहली तथा कक्षा छठी के विद्यार्थियों को तिलक लगाकर व फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। विद्यालय के मुख्याध्यापक कुलदीप सिंह ने कहा कि हवन पवित्रता और शुचिता का आधार है। नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ से पूर्व विद्या की देवी माता सरस्वती की आराधना से स्कूल के वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है। ऐसे पुनीत माहौल में ही शिक्षार्थियों का चहुमुंखी विकास होता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा स्कूल में सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। जिसमें डिजिटल शिक्षा, कंप्यूटर लैब, मिड-डे-मील, निःशुल्क पुस्तकें, स्वच्छ व हवादार कक्षा कक्ष, आधुनिक पुस्तकालय जैसी सुविधाएं शामिल हैं। मौके पर कार्यक्रम में विज्ञान अध्यापिका ममता, सामाजिक विज्ञान अध्यापिका सरोज बाला, जेबीटी रचना, सतपाल, मनीष कुमार, प्रभात कुमार आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### प्रवेश लेने वाले नए बच्चों का तिलक से स्वागत

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पिपली में पांचवी कक्षा से छठी में आए विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया। राजकीय प्राइमरी स्कूल पिपली व राजकीय प्राइमरी विद्यालय बीड पिपली से 58 बच्चों ने दाखिला लिया। इन बच्चों का स्वागत प्रधानाचार्य शशि किरण, प्रवक्ता सविता मदान, रीटा, रजनी, नीलम, राकेश, रेन, साक्षी, सुरेश, जगदीप, कृष्ण ने फूल मालाए पहनाकर स्वागत किया।

### रैली से मतदाताओं को किया जागरूक

**कुरुक्षेत्र।** भगवान परशु राम कॉलेज कुरूक्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करने हेतु एक जागरूकता रैली का आयोजन नोडल अधिकारी चुनाव डॉ. सुभाष शर्मा के सौजन्य से किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य प्रो. शीश पाल ने रैली में भाग करने हेतु छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इस रैली का उद्देश्य है कि मतदाताओं को ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करने हेतु जागरूक करना ताकि लोकसभा चुनावों में मतदान का प्रतिशत पिछले चुनावों की अपेक्षा बढ़े।

### एकाग्रता बढ़ाने के छात्रों को दिए अहम टिप्स

**कुरुक्षेत्र।** ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ से पहले ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। ओरिएंटेशन प्रोग्राम में मुख्य अतिथि बी.के. ई.वी गिरीश रहे। वे एक ऐसे सक्षम प्रबंधन और प्रशिक्षक हैं, जिनके पास कॉर्पोरेट घरानों, शैक्षिक और समाज के लिए व्यवहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करने का 20 वर्षों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने विद्यार्थियों को एकाग्रता और ध्यान को बढ़ाने के लिए जहां अहम टिप्स दिए।

### श्रीमद् भागवत कथा का किया आयोजन

**शाहबाद।** महादेव पार्क में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन महादेव पार्क के सदस्यों द्वारा बहुत श्रद्धा भाव से करवाया गया। जहां भागवत मर्मज्ञ शिव प्रसाद उपाध्याय ने अपनी मधुर वाणी से भागवत पर प्रकाश डालते हुए बताया भागवत 18 पुराणों का सार है। भागवत के बाद कुछ शेष नहीं रह जाता। उपाध्याय जी द्वारा गाए गए भगवान कृष्ण जी के भजन राधा रानी झूला झूलती दिखेगी।

## आचार संहिता के पालन को लेकर जिला निर्वाचन आयोग अलर्ट

# चुनाव में फ्लाइंग स्क्वायड की टीमें रखेंगी सख्त नजर: डीसी

### लोकसभा चुनावों के लिए 12 एफएसटी टीमों में 24 ड्यूटी मजिस्ट्रेट व 72 अधिकारियों कर्मचारियों की लगाई ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव-2024 को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग सें संपन्न करवाने के लिए विभिन्न टीमों का गठन किया गया है। ये टीमें अपने-अपने क्षेत्र में कार्य करेंगी और आदर्श आचार संहिता की पालना करवाना सुनिश्चित करेंगी। अहम पहलू यह है कि जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में डयूटी मजिस्ट्रेट सहित अन्य अधिकारियों की एफएसटी (फ्लाईंग स्क्वायड टीमों )का गठन किया गया है। इस जिला की चारों विधानसभा क्षेत्रों की 12 एफएसटी टीमों में 24 डयूटी मजिस्ट्रेट के साथ-साथ 72 अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी दिन व रात्रि के अलग-अलग सत्रों के लिए लगाई गई है। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि लाडवा-11 विधानसभा क्षेत्र में टीम नंबर 1 में जिला बागवानी अधिकारी सत्यनारायण व डीडीए सुरेंद्र कुमार को डयूटी मजिस्ट्रेट बनाया गया है। इसी प्रकार डयूटी मजिस्ट्रेट के लिए टीम नंबर 2 में एसडीओ पीआर नवराज व पीडब्लयूडी बीएंडआर एसडीई धर्मबीर को डयूटी मजिस्ट्रेट, टीम नंबर 3 में एसडीओ अभिषेक कुमार व एसएमएस सीएसएफएफ प्रमोद को डयूटी मजिस्ट्रेट लगाया गया है। शाहबाद-12 विधानसभा में पहली टीम में हिरमी के एसडीओ मनिंद्र सिंह व सीएसटीएफ अशोक जांगरा को डयूटी मजिस्ट्रेट, टीम दूसरी में माईनिंग अधिकारी राजीव व डीटीपी अशोक गर्ग को डयूटी मजिस्ट्रेट, टीम तीसरी में बीएओ शशिकांत व डीडब्लयूओ कमल धीमान को डयूटी मजिस्ट्रेट लगाया गया है। उन्होंने कहा कि थानेसर-13 विधानसभा क्षेत्र के लिए टीम नंबर एक में कॉपरेटिव बैंक के जीएम तनवीर मोर व एडीओ रोशन लाल को डयूटी मजिस्ट्रेट लगाया गया है।



गांव की चौपाल पर लोगों को वोट का महत्व बताती प्रशासन की टीम।

### गांव की चौपाल पर लोगों को बताया वोट का महत्व

लोकसभा आम चुनाव-2024 में प्रत्येक मतदाता तक पहुंच बनाने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय कुरुक्षेत्र की टीम के सदस्य गांव की चौपाल तक पहुंचे और बुजुर्गों व युवाओं के साथ बैठ कर 25 मई के दिन अपना वोट डालने पर चर्चा की है। इस चौपाल के साथ-साथ गली-नुक्कड़, वार्डों में भी मतदाताओं से मिलकर उनके वोट के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। इस जिले में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा के आदेशानुसार स्वीप गतिविधियों का नियमित रूप से आयोजन किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि हरियाणा निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इन गतिविधियों के तहत स्कूलों में पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, वाद-विवाद प्रतियोगिता, जागरूकता रैली, कॉलेजों के तरफ से नुक्कड़ नाटक जैसे कार्यक्रमों का आयोजन करके लोगों को वोट के अधिकार के प्रति जागरूक कर रहे है। इसके साथ-साथ आमजन को 26 अप्रैल तक अपना नाम वोटर लिस्ट में जुड़वाने और योग्य व्यक्ति को अपना वोट बनवाने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही दिव्यांग मतदाताओं को सक्षम एप पर जाकर अपना पंजीकरण करवाते हुए घर से मतदान करने के विकल्प के बारे में भी जानकारी दी जा रही है।

**खास बातें**

- निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न करवाने को विभिन्न टीमों का गठन किया
- आमजन को 26 अप्रैल तक अपना नाम वोटर लिस्ट में जुड़वाने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है

# विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्राणी शास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. दीपक राय बब्बर ने बताया कि 31 मार्च व 1 अप्रैल 2024 को जूलोजी विभाग के छात्रों ने देहरादून के शोध संस्थानों में दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। विभागाध्यक्ष व शैक्षणिक भ्रमण के इंचार्ज डॉ. दीपक राय बब्बर ने बताया कि इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के विषय विकास के लिए बहुत जरूरी होते हैं। विभाग के विद्यार्थी समय-समय पर जूलोजी विषय के संबंधित स्थानों पर हर वर्ष भ्रमण कर प्रेक्टिकल जानकारी प्राप्त करते हैं जो उनके शैक्षणिक विकास में सहायक साबित होती है। डॉ. दीपक राय बब्बर ने बताया कि छात्रों ने हथनीकुंड बैराज, कालेश्वर मंदिर, कलेसर राष्ट्रीय उद्यान, पौंटा साहिब, आसन संरक्षण रिजर्व, वहां के दर्शनीय स्थलों के साथ टपकेश्वर महादेव मंदिर, जेडएसआई संग्रहालय, एफआरआई संग्रहालय और डब्ल्यूआईआई ट्रैल और कई अन्य प्राकृतिक स्थलों, शोध संस्थानों और वन्यजीव स्थानों का दौरा किया और बहुत कुछ सीखा।

### गेंहू खरीदने की तैयारी पूरी नहीं: गेहल सिंह



**पिहोवा।** आम आदमी पार्टी लीगल सेल के प्रदेश उपाध्यक्ष गेहल सिंह संधू ने मंगलवार को प्रदेश की अनाज मंडियों में अव्यवस्था को लेकर हरियाणा सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 1 अप्रैल से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू हो गई है, लेकिन अनाज मंडियों में इसके लिए कोई व्यवस्था नहीं है। प्रदेश की अनाज मंडियों में न तो सफाई की गई है और न ही मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त किया गया है। किसान कई कई दिन रात मंडियों में पड़े रहते हैं लेकिन सरकार की कमी और असुविधाओं के कारण उनकी फसल नहीं बिकती। उन्होंने कहा कि कई जिलों में गेहूं तुलाई व उठान के लिए भी टेंडर नहीं हुए हैं।



**थानेसर।** नन्ही बालिका तन्वी बुजुर्गों एवं प्रेरणा संस्था के सदस्यों के साथ।

### तन्वी पपोसा ने बुजुर्गों के साथ मनाया जन्मदिन

थानेसर। घरों से निकाले, अपनों द्वारा नकारे व अपनों से दूर बुजुर्गों के चेहरों पर खुशी लाने के लिए प्रेरणा वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों के हरिकेश पपोसा की बेटी नन्ही बालिका तन्वी पपोसा ने अपना 8वां जन्मदिन केक काटकर मनाया। इस मौके पर बुजुर्गों के चेहरे पर खुशी देखने लायक थी। बुजुर्ग नन्ही बालिका तन्वी पपोसा को आशीर्वाद देते हुए थक नहीं रहे थे। प्रेरणा वृद्धाश्रम के संस्थापक एवं प्रसिद्ध समाज सेवी डा. जयभगवान सिंगला ने तन्वी पपोसा को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आज के समय में बच्चे मोबाइल फोन में ज्यादा व्यस्त रहते हैं। सामाजिक जीवन से बच्चों की दूरी बन रही है। सामाजिक रिश्ते भूल जाने से संस्कारों का पतन हो रहा है। इस प्रकार छोटे बच्चों के द्वारा बुजुर्गों के साथ जन्मदिन मनाने से बच्चों में संस्कार जागृत होते हैं। विशेष रूप से जींद हरियाणा से आई महिला कलाकार किरण ने जन्मदिन पर गीत गाकर समा बांधा। इस अवसर पर डा. हरबंस कौर, डा. मधु मल्होत्रा, मीरा गौतम, जगदीश चंद्र, प्रेम देवी, सुभाष चंद्र, हर्षित, साक्षी, हरकेश पापोसा, बलविंदर कौर, शकुंतला देवी, क्षमा मल्होत्रा, मलकीत कौर, उषा सच्चर, सीता देवी आदि मौजूद रहे।

# आग से बचाव के तरीके बताए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा



अग्निशमन विभाग लाडवा द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा में आग बुझाने के बारे में मदनलाल एलएफएम तथा हाकम सिंह फायर ऑपरेटर व गुरदीप सिंह द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा में कार्यरत सभी अधिकारी व कर्मचारियों को आग के प्रकार तथा उन्हें किस प्रकार से बुझाया जा सकता है इसके बारे में संपूर्ण जानकारी दी तथा उन्होंने अग्निशमन की गाड़ी द्वारा भी अस्पताल परिसर में कैसे आग को बुझाया जाए इस बारे में संपूर्ण जानकारी दी। इस संदर्भ में एक मॉक ड्रिल भी की गई जिसमें अगर आपातकाल समय में कहीं भी आग लग जाती है तो उसको कैसे बुझाया जाता है। इस संदर्भ में डॉक्टर कृष्णकांत वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य के लाडवा ने बताया कि इस समय ग्रीष्मकालीन समय आने वाला है और जगह-जगह पर आग लगने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं और सभी को बताया गया कि जैसे-जैसे गर्मी बढ़ेगी तो लाइट का उपयोग उपयोगिता अनुसार ही करें क्योंकि ज्यादा लोड होने पर भी जो सप्लाई आ रही है, वहां पर स्पार्किंग का खतरा बढ़ जाता है और आग लगने की संभावना हो जाती है इसलिए हर व्यक्ति को जागरूक होना चाहिए अगर किसी भी समय में या कहीं भी आग लग जाती है तो उसे आपातकालीन में 112 नंबर पर संपर्क करना चाहिए जिससे कि समय रहते हुए विभिन्न विभाग जो कि आजकल 112 में स्वास्थ्य विभाग पुलिस तथा दमकल विभाग जुड़े हुए हैं और वह हम एक सम्मिलित रूप से कार्य कर रहे हैं।

# कांग्रेस ओबीसी सैल का एक-एक कार्यकर्ता संगठन को मजबूती दे रहा : सुरेंद्र सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कांग्रेस ओबीसी सैल को मजबूत करने के लिए प्रकोष्ठ में नई नियुक्तियां की गई हैं। प्रकोष्ठ में कन्हैया लाल कश्यप को प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है। जबकि धर्मपाल कश्यप को प्रकोष्ठ में जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं प्रकोष्ठ में बलकार सिंह को सीनियर वाइस प्रेसिडेंट की जिम्मेवारी दी गई है। कांग्रेस ओबीसी सैल के जिला प्रधान सुरेंद्र सैनी ने धर्मपाल कश्यप और बलकार सिंह को नियुक्ति सौंपते हुए उनकी इस जिम्मेदारी पर खुशी जताते हुए कहा कि उनकी नियुक्ति से प्रकोष्ठ को मजबूती मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जाहिर की प्रकोष्ठ में नई नियुक्तियों से अधिक से अधिक लोग संगठन के साथ जुड़ेंगे। जिला उपाध्यक्ष बने धर्मपाल कश्यप व सीनियर वाइस प्रेसिडेंट बलकार सिंह ने जिम्मेवारी मिलने पर पिछड़ा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय यादव, प्रदेश अध्यक्ष रमेश सैनी व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सैनी भिवानी खेड़ा का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गई है उस जिम्मेवारी को वे पूरी ईमानदारी से निभाने का काम करेंगे और अधिक से अधिक लोगों को ओबीसी सैल के साथ जोड़ने का काम करेंगे। इस मौके पर कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव सुभाष महिंद्रा, सुरेंद्र कश्यप ब्लॉक समिति सदस्य शाहबाद, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोशन लाल जांगड़ा, जिला उपाध्यक्ष बलवंत सैनी, मलकीत सिंह पट्टी शहजादपुर, राजपाल, मनीष सैनी, बलवान कनीपला, सतीश सैनी, अमरजीत आदि रहे।



धर्मपाल कश्यप और बलकार सिंह को नियुक्ति पत्र सौंपते कांग्रेस ओबीसी सेल के जिला प्रधान।

# भाजपा का होगा सूपड़ा साफ: पवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** पत्रकारों से बातचीत करते कांग्रेस नेता पवन चौधरी।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व हाथ से हाथ जोडो अभियान के कोडिनेटर पवन चौधरी ने कहा कि देश में लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है, देश के हालात बड़े विकट हो चुके हैं। सरकार की तानाशाही व कुनीतियों के कारण आज लोकतंत्र खतरे में है। जनता सब कुछ समझ रही है और देख रही है। समय बदल रहा है और आगामी समय भी बदलाव से भरा होगा। लोकसभा चुनावों में इस बार देश की जनता भाजपा का सूपड़ा साफ करने का काम करेगी। वे मंगलवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नवीन जिंदल जब कांग्रेस मे हुआ करते थे तब भाजपा वाले घर घर जाकर कोयला चोर कहा करते थे। अब जनता पूछ रही है क्या अब नवीन जिंदल कोहिनूर बन गया। लोगों को भाजपा की झूठ की राजनिति समझ आ गई है। पवन चौधरी ने कहा कि दूसरी पार्टियों में दागदार रहे नेता भाजपा में जाते ही किस प्रकार गंगा की तरह पवित्र हो जाते हैं, ये हम सभी ने साक्षात देखा है। उन्होंने कहा कि जनता के मुद्दों को लेकर राहुल गांधी ने जन यात्राएं की, प्रधानमंत्री से सवाल भी किए, लेकिन उन्होंने एक भी सवाल का जवाब नहीं दिया। हरियाणा में सत्ता परिवर्तन का चुनाव से पहले ड्रामा रचा गया। सरकार को ऐसा करने की क्या जरूरत पड़ी। उन्होंने कहा कि सत्ता परिवर्तन से प्रदेश में व्यवस्था तो नहीं बदली, सिर्फ चेहरा ही बदला। लोगों को सब पता है कि चेहरा भी वही है।



बाबैन कस्बे में पार्टी की नीतियों की चर्चा करते डॉ. गणेश दत्त। 2केयूके09

### मोदी की लोकप्रियता से घमंडिया गठबंधन में निराशा

**लाडवा।** भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व सुशासन विभाग के प्रदेश सदस्य डॉ. गणेश दत्त ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास कार्यों से 10 वर्ष के कार्यकाल में समाज के हर वर्ग का सामाजिक आर्थिक विकास हुआ हैं। पीएम मोदी की बढती लोकप्रियता से घमंडिया गठबंधन में भारी निराशा हो रही है। लोकसभा चुनावों में विपक्षी गठबंधन को हार का डर सता रहा है। वे बाबैन में जनसम्पर्क अभियान के अन्तर्गत पूर्व मंडलाध्यक्ष सुरेश कश्यप के कार्यालय में कार्यकताअरं व अनेक दुकानदारों से रूबरू हुए। उन्होनें कहा कि विकास नहीं हो सका। गरीब, किसान, मजदूर व व्यापारी वर्ग पिछडा ही रहा। प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समाज के हर वर्ग के विकास की चिंता करते हैं और युवाओं को रोजगार, महिला सुरक्षा, स्वरोजगार, शिक्षा को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की योजनाओं को जारी रखने का निर्णय लिया गया। उन्होनें कहा कि आजादी के बाद से देश की बागडोर कई दशक तक कांग्रेस के हाथों में रही जिन्होनें समाज के किसी भी वर्ग का ध्यान नहीं दिया।

# भाजपा कर रही है देश के संविधान और लोकतंत्र को खत्म : अरोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा। 2केयूके21

आज भाजपा की नीतियों के कारण देश का संविधान खतरे में है और लोकतंत्र को खत्म किया जा रहा है। जब जब भी देश के संविधान पर खतरा आया है जनता ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया है। इस बार भी चुनाव में जनता भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देगी। यह विचार कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने अपने निवास स्थान पर पत्रकारों से वातालाप करते हुए प्रकट किए। इस मौके पर उनके साथ कांग्रेसी नेता रणबीर बूरा, पवन चौधरी, ओम प्रकाश पलवल, जिला परिषद सदस्य सुरेश वाल्मीकि, पूर्व पार्षद ओम प्रकाश ओपी, सुभाष पाली, ओमप्रकाश हथीरा तथा सुधीर चुग भी उपस्थित थे। अरोड़ा ने कहा कि हरियाणा का चुनाव छट्ठे चरण में है इसलिए कांग्रेस अपने उम्मीदवारों पर मंथन कर रही है और जल्दी ही कांग्रेस हाईकमान भाजपा के पास अपने प्रत्याशी नहीं है। 10 मिनट पहले ही नवीन जिंदल और रणजीत चौटाला को भाजपा में शामिल किया गया और साथ ही साथ ही उनको उम्मीदवार घोषित कर दिया गया।



### रूचि एवं योग्यता के आधार पर करें विषयों का चयन

लाडवा। ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में करियर काउंसलिंग सेमिनार आयोजित किया गया जिसमें चंडीगढ़ से आये आदि गर्ग ने मुख्य वक्ता के रूप में सेमिनार में आये विद्यार्थियों व अभिभावकों को करियर अवसर के बारे में विस्तार से बताया। स्कूल की प्रधानाचार्या रितु सिंगला ने इस सेमिनार का उद्देश्य बताते हुए कहा कि वर्तमान युग में बच्चों के लिए अवसरों की भरमार है जिनके बारे में बच्चों व अभिभावकों को ज्ञान नहीं है तो बच्चों व अभिभावकों को उन्हीं अवसरों के साथ साथ उन तक पहुंचने तक के मार्गदर्शन के लिए इस सेमिनार का आयोजन किया गया। स्कूल प्रबंधक समिति की प्रधान रंजना गोयल ने पुष्पगुच्छ देकर मुख्य वक्ता का स्वागत किया। मुख्य वक्ता करियर काउंसलर व मोटिवेशनल स्पीकर आदि गर्ग ने सम्बोधित करते हुए कहा कि सबसे पहले तो हर बच्चे को रूचि एवं योग्यता के आधार पर जीवन के लक्ष्य का चयन करना चाहिए और उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उस रास्ते का पता होना चाहिए जो हमें उस लक्ष्य तक लेकर जाता है।

### जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा लाडवा शहर

**लाडवा।** देव भूमि भारत में शाश्वत, मृत्युजयी व सार्वभौम संस्कृति का अखण्ड प्रवाह विद्यमान है। इस का स्वलप आचरण ही मानव प्रबुद्ध को विवेकवान बना सकता है। मानवीय स्वभाव में पुनः धर्म का आरोहण करने हेतू दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान सदैव कार्यरत रहा है। इसी श्रृंख्ला के अंतर्गत संस्थान द्वारा हिंदू हाई स्कूल, लाडवा में 3 से 7 अप्रैल सायं 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक, पांच दिवसीय श्रीराम कथामृत के कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में दिव्य गुरू आशुतोष महाराज जी की शिष्या महामनस्विनी प्रज्ञाचक्षु साध्वी सुश्री सची भारती कथा का वाचन करेंगी।

## खेल प्रतियोगिताओं में अव्वल आने वाले छात्रों को किया सम्मानित

# छात्रों का हो रहा है सर्वांगीण विकास: प्रो. सचदेवा

### झारखंड के रांची में स्कूल नेशनल प्रतियोगिता में वंशिका शर्मा साइकिलिंग में रहीं थी प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अव्वल आने वाले छात्रों को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने सम्मानित किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोमनाथ ने कहा कि स्कूल में छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए विशेष ध्यान रखा जाता है। समय-समय पर स्कूल परिसर में अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है ताकि छात्रों का सर्वांगीण विकास हो सके। 8 फरवरी से 12 फरवरी तक झारखंड के रांची में संपन्न हुई स्कूल नेशनल प्रतियोगिता में कक्षा ग्यारहवीं की स्कूल की छात्रा वंशिका शर्मा ने साइकिलिंग प्रतिस्पर्धा के टाइम ट्रायल में तीसरा स्थान प्राप्त किया। 9 दिसंबर से 12 दिसंबर तक कर्नाटक के बीजापुर में आयोजित रोड नेशनल में टीम टाइम ट्रायल में तीसरा स्थान प्राप्त किया। नेशनल प्रतियोगिता होने के कारण वंशिका शर्मा के पिता को सम्मानित किया गया। कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने विजेता छात्रों व उनके परिजनों से विस्तार से बातचीत की। इस अवसर पर उन्होंने स्कूल के बारे में भी विस्तार से बातचीत की। कुलपति प्रो. सोमनाथ ने स्कूल की छात्रा मन्नत को भी गोवा में आयोजित नेशनल मार्शल आर्ट में तीसरा स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया। स्कूल की छात्रा अंजलि ने भी मार्शल आर्ट में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, स्कूल की वाइस चेयरपर्सन प्रोफेसर सुनीता दलाल, स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. सुखविंदर सिंह मौजूद रहे।



कुरुक्षेत्र। विजेताओं को सम्मानित करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

## खबर संक्षेप

### शांति भंग करने पर दो आरोपित दबोचे

**अंबाला।** थाना मुलाना क्षेत्र से सार्वजनिक स्थान पर अवैध रूप से शराब पीने व आम नागरिकों की शांति भंग करने के मामले में पुलिस ने आरोपी रवि कुमार व अनुज कुमार उर्फ विजय को काबू किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी सार्वजनिक स्थल पर शराब के नशे में शोर मचाकर लोगों की शांति भंग कर रहे हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों आरोपियों को काबू कर उनके खिलाफ केस दर्ज किया।

### सड़क दुर्घटना के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज सड़क दुर्घटना के मामले में पुलिस ने आरोपी जगदीश चंद को गिरफ्तार किया है। पीडित महिला ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 26 मार्च 2024 को नारायणगढ से काला अंब रोड के पास आरोपी वाहन चालक ने लापरवाही व तेज गति से अपने वाहन चलाते हुए उसको को टक्कर मार कर घायल कर दिया। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### आरोपित बाइक चालक गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज सड़क दुर्घटना के मामले में पुलिस ने आरोपी शांतिनाथ साहू को गिरफ्तार किया है। महमूदपुर के शैंटी कुमार ने 20 मार्च 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी मोटरसाइकिल चालक ने लापरवाही व तेज गति से मोटरसाईकिल चलाते हुए उसके भाई को टक्कर मार कर घायल कर दिया। तब पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### रोड हादसे में हत्या का आरोपित पकड़ा

**अंबाला।** थाना बराडा में दर्ज सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी जसविंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। डाडलू के लवप्रीत सिंह ने 21 नवंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि अधोई के पास आरोपी वाहन चालक ने लापरवाही व तेज गति से वाहन चलाते हुए उसके भाई को टक्कर मार दी थी। हादसे में उसके भाई की मौत हो गई। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार चालक की मौत

**जींद।** गांव नगूरां के असंध-कैथल बाईपास पर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि उसकी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। अलेवा थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बधाना निवासी कुलदीप (40) अपनी बेटी वंशिका (8) को बाइक पर लेकर नगूरां के असंध-कैथल बाइपास से घर जा रहा था। बाईपास के टी प्वायंट पर ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाप व बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना को अंजाम देकर ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

## एसडीएम ने जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया

# राज्य सरकार के खिलाफ आढ़तियों का रोष प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



नारायणगढ। आढ़तियों से बात करते एसडीएम । फोटो :हरिभूमि

■ एसडीएम ने मंडी में आरम्भ होने वाली गेंहू की खरीद के बारे में भी जानकारी ली।

आढ़तियों ने लगातार दूसरे दिन मार्केट कमेटी कार्यालय पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। आढ़ती एमएसपी की दर पर सरकार द्वारा खरीदी जाने वाली सभी फसलों को उनके माध्यम से खरीदने के साथ ही खरीदी गई फसलों पर उनकी कमीशन अढाई प्रतिशत करने की मांग कर रहे हैं। अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के बैनर तले सभी आढ़ती सरकार के नई नीति का विरोध कर रहे हैं। मार्केट कमेटी कार्यालय के समक्ष लगातार दूसरे दिन सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। धरने पर बैठे आढ़तियो से एसडीएम यश जालूका ने बातचीत कर उनकी समस्या को सुना। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे उनकी समस्या के समाधान के लिए उच्चाधिकारियों से बातचीत करेंगे। इसके अतिरिक्त एसडीएम ने मंडी में आरम्भ होने वाली गेंहू की खरीद के बारे में भी जानकारी ली। बता दें कि अपनी उपरोक्त मांगों को लेकर हरियाणा राज्य कच्चा आढ़ती एसोसिएशन के आह्वान पर आढ़ती 5 अप्रैल तक रोजाना दो घंटे मंडी में धरना देंगे। इसके बाद प्रदेश इकाई के दिशानुसार अगली कार्रवाई की जाएगी।



अंबाला। अनाजमंडी में खरीद का जायजा लेते एसडीएम।

## अधिकारियों को बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था करने के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के एसडीएम सतिंद्र सिवाच ने मंगलवार को गेहूं खरीद कार्य के चलते मंडी का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों की ओर से किसानों के लिए की गई व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली। जांच के बाद उन्होंने मंडी में किसानों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने खरीद एजेंसियों के साथ-साथ लेबर कांट्रेक्टर को भी निर्देश दिए कि किसानों की फसलों की खरीद समय रहते होनी चाहिए और उसका उठान भी समय अवधि के तहत होना चाहिए। सिवाच ने मार्केट कमेटी सचिव नीरज भारद्वाज को भी व्यवस्थाओं को लेकर आदेश दिए। उन्होंने यहां पर कितनी गेहूं की आवक आने की संभावना है इसकी भी विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मंडी में जहां गेहूं खरीद का कार्य सुचारू रूप से होना चाहिए।

### प्रथम नवरात्र पर नव सम्वत्सर महोत्सव

■ नौ को भारत माता मंदिर डेरा परसराम में होगा।

**मुलाना।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रथम नवरात्र पर हिंदू नव वर्ष के अवसर पर नव सम्वत्सर महोत्सव का आयोजन धूमधाम व हर्षोल्लास से किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन 9 को भारत माता मंदिर डेरा परसराम में होगा। आयोजन में मुलाना सहित आसपास की सभी धार्मिक व सा मा जि क संस्थाएं सहयोगी है। इसके उपलक्ष में 29 मार्च से प्रभात फेरी जारी है । इसमें काफी संख्या में पुरूष व महिलाएं भाग ले रही हैं। प्रभात फेरी 8 तक आयोजित होगी । समिति समायोजक हरमिंदर पाल ने बताया कि 8 को शाम 6 बजे भारत माता मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। 9 को नव सम्वत्सर महोत्सव का आयोजन होगा। इसमें भारत माता मंदिर में सुबह 10 बजे हवन यज्ञ का आयोजन होगा और शाम 6 बजे मंगल यात्रा निकाली जाएगी । जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु हिस्सा लेते हैं।




## परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का किया सम्मान

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह पब्लिक स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन बहुत धूमधाम से किया गया। इसमें वार्षिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्री-नर्सरी से लेकर आठवीं कक्षा व नौंवी व 11 वीं कक्षा के बच्चों को पुरस्कृ त किया गया। स्कूल प्रिसिंपल वरिंद्र कौर ने बताया कि इन कक्षाओं का वार्षिक परिणाम तो 30 मार्च को घोषित किया गया था लेकिन कार्यक्रम में परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले मेहनती बच्चों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चे अपने माता-पिता/अभिभावकों के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम में कक्षा में पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर आने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्कूल की प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार प्रधान दीदार सिंह, सेक्रेटरी जसपाल सिंह, कैशियर मनमोहन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में पधारे। उन्होंने परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर आशीर्वाद दिया। स्कूल प्रधानाचार्य वरिंदर कौर व उप प्रधानाचार्य हरविंदर सिंह ने भी बच्चों को पुरस्कृत कर उज्जवल भविष्य की कामना की।

# जनता को पार्टी की नीतियों से अवगत करवाएं: सिंह

■ पूर्व मंत्री निर्मल सिंह की अध्यक्षता में चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला





अंबाला। कार्यकर्ताओं के साथ हर घर कांग्रेस का प्रचार करते हुए पूर्व मंत्री निर्मल सिंह व उनकी बेटी चित्रा सरवारा। फोटो :हरिभूमि

अंबाला शहर व छावनी में लगातार कांग्रेस की ओर से घर-घर कांग्रेस अभियान की मुहिम चलाई जा रही है। लोग भी इस मुहिम में बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी कर रहे हैं। अंबाला शहर में पूर्व मंत्री निर्मल सिंह ने कहा कि भाजपा ने इस बार 400 पार का नारा दिया है लेकिन देश में जो हालात है, उसे देखकर साफ है कि इस बार भाजपा औंधे मुंह गिरेगी। उसे करारी शिकस्त मिलेगी। उन्होंने कहा लोगों के बीच घर घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस के प्रचार से पता चल रहा है कि जनता बदलाव के मूड में है। प्रदेश में भी सभी सीटों पर भाजपा का सूपड़ा साफ होगा। उन्होंने कहा की कांग्रेस पार्टी द्वारा घर घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान लोकसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर डोर टू डोर जाकर भाजपा सरकार की पोल खोलने का काम कर रहा है। कार्यक्रम में पहुंचने पर निर्मल सिंह को जींद हाउस रेलवे स्टेशन के पास पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते निर्मल सिंह ने कहा कि 25 मई को लोकसभा चुनाव होने हैं ऐसे में कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर पार्टी की नीतियों से अवगत करवाएं और उन्हें पार्टी के साथ जोड़ें। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों में भाजपा ने जैसे 400 पार का नारा दिया था। प्रदेश में भी उसने 75 पार का नारा दिया था लेकिन जनता ने उसे 40 सीटों पर समेटते हुए सत्ता से बाहर कर दिया था।

भाजपा ने बैसाखियों के सहारे सरकार बना ली। केंद्र सरकार को कोसते हुए निर्मल सिंह ने कहा कि भाजपा ने चुनावों में वायदा किया था कि 15-15 लाख गरीबों के खाते में डालेंगे, 2 करोड़ लोगों को रोजगार देंगे, एमएसपी लागू करे, गैस सिलेंडर सस्ता करेंगे, स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करेंगे, महंगाई कम करेंगे लेकिन चुनाव जीतने के बाद भाजपा सभी वायदों से भाग गई।

# यूनिट प्रधान की कमान एस कुमार सैनी को मिली, रवि सचिव नियुक्त

■ फूलमालाओं से नए पदाधिकारियों का किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



नारायणगढ़। नव नर्वाचित पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

ऑल हरियाणा पॉवर कॉर्पोरेशनंस वर्कर यूनियन , सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा यूनिट सर्कल की बैठक मंगलवार को राज्य प्रेस सचिव सरदार मनजिंदर सिंह जोहल की अध्यक्षता मे विश्वकर्मा मंदिर में सम्पन्न हुई। मंच का संचालन राज्य कमेटी मेंबर विनोद कुमार व वरिष्ठ उपप्रधान व पूर्व प्रधान सुभाषचंद धीमान ने किया। इस बैठक में यूनिट , सब यूनिट , सब यूनिट शहजादपुर, का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ।

चुनाव में एस कुमार सैनी को यूनिट प्रधान, रवि कुमार को यूनिट सचिव, सुभाषचंद धीमान को वरष्ठि उपप्रधान, अरुण कुमार नारायणगढ़ को यूनिट उपप्रधान, प्रदीप पाड़ला को यूनिट कैशियर, सह सचिव परषोतम लाल, संगठन सचिव कमलजीत सिंह सैनी, ऑडिटर मुकेश गोयल, प्रेस सचिव पंकज शर्मा को नियुक्त किया गिया।

# हवन के साथ नए शिक्षा सत्र का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



नारायणगढ़। हवनयज्ञ में उपस्थित शिक्षाक व विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरेड़ी कलां के प्रांगण में नए सत्र प्रवेश उत्सव के उपलक्ष्य में हवन यज्ञ कराया गया। इस यज्ञ से सकुशल सत्र आरंभ एवं प्रत्येक विघन निवारण की कामना की। यज्ञ के बाद प्रधानाचार्य जयप्रकाश गर्ग ने सभी को बताया कि ईश्वर की उपासना का श्रेष्ठ साधन यज्ञ है, इसलिए हमें हर कार्य ईश्वर को अर्पित करके करना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि मनुष्य की पहचान उसके श्रेष्ठ कर्मो से होती है इसलिए हर कार्य निष्ठा व लगन से पूर्ण करना चाहिए। विद्यालय के अध्यापकों ने स्कूल में पहुंचे बच्चों का माल्यार्पण और तिलक लगाकर स्वागत किया। सभी बच्चे कक्षा में उनका स्वागत करने पर झूम उठे। विधालय के संस्कृत प्रवक्ता चमन लाल विर्क बताया कि विद्यालय में प्रत्येक कक्षा में छात्रों की संख्या को बढ़ाने के लिए अध्यापकों की ओर से घर-घर जाकर अभिभावकों को सरकारी विद्यालयों की सुविधाओं और योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। राजकीय स्कूलों में 13 अप्रैल तक प्रवेश उत्सव चलेगा। अबकी बार छात्रों को शिक्षा विभाग की ओर से परिणाम आने के दिन से ही किताबें भी वितरित की गई थी। हवन यज्ञ के बाद विद्यालय के सभी छात्रों के लिए स्वादिष्ठ लंगर की व्यवस्था भी की गई। सभी बच्चों को बड़े उत्साह से लंगर का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर वद्यिालय प्रवक्ता महद्रिं पाल, प्रवक्ता विनोद सैनी, संजीव नेगी, प्रवक्ता गुरुदेव धीमान, प्रवक्ता राजीव कुमार, प्रवक्ता अजय शर्मा, अमित कुमार, दीपक कुमार, अश्वनी कुमार,प्रवक्ता खुशबू, संगीता रानी, प्रज्ञा शर्मा, सुखवद्रिं कौर, मंजु रानी, मनजीत कौर और ऋतु गुप्ता मौजुद रहे।

## लोकसभा चुनाव में महिलाओं से बढ़ चढ़कर मतदान करने का किया आग्रह, महिला चौपाल के जरिए किया जागरूक




**नारायणगढ़।** चुनाव में मतदान से अधिक महत्वपूर्ण कुछ नहीं है। चुनाव का दिन देश के लोकतंत्र का जश्न मनाने का दिन है। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि हम विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में रहते है। महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर सोनम ने यह बात कही। वे नगरपालिका वॉर्ड नंबर 8 वाल्मिकी मंदिर में महिलाओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित महिला चौपाल में बोल रही थी। उन्होंने कहा कि प्रशासन का स्वीप के तहत महिला चौपाल लगाने का भी यह उदेश्य है कि महिलाएं न केवल स्वयं मतदान में भाग लें बल्कि अपने परिवार व आस-पड़ोस के मतदाताओं को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग अपने विवेक से बिना किसी दबाव या प्रलोभन के करना चाहिए। चुनाव कार्यालय से नीलम ने महिलाओं बताया कि लोकसभा आम चुनाव के लिए 25 मई को मतदान होगा। उस दिन सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने मतदान के महत्व और निर्वाचन प्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# सरकार की जनविरोधी नीतियों की पोल खोली जाएगी :नन्हेड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



■ सभी खाली पड़े पदों पर पक्की भर्ती करने। ठेका प्रथा पर रोक लगाने की मांग उठाई

लोकसभा चुनावों में कम्यूनस्टि पार्टी (मार्क्सवादी) सांप्रदायिक व कॉरपोरेट के गठजोड़ से बनी मोदी सरकार द्वारा दस सालों में लागू की गई जनविरोधी नीतियों की पोल खोलेगी। मंगलवार को कामरेड रमेश नन्हेड़ा की अध्यक्षता में हुई ब्रांच बैठक में लिया । इसमें सतीश सेठी, टेक चंद व बृज भूषण विशेष रूप से शामिल थे। दो महीने चलने वाले इस जनसंपर्क अभियान में सीपीआईएम द्वारा भाजपा के कुकर्मों का पर्चा निकालकर जनता में बांटा जाएगा। इसी कड़ी में इंडिया गठबंधन की 31 मार्च को आयोजित ऐतिहासिक रैली में रामलीला ग्राउंड से ऐलान हो चुका है कि अबकी बार देश की जनता सविधान व लोकतंत्र को बचाने के लिए मिलकर लड़ेगी और इंडिया जीतेगा। सभी खाली पड़े पदों पर पक्की भर्ती करने। ठेका प्रथा पर रोक लगाने। महिलाओ व लड़कियों की सुरक्षा। किसानों, मजदूरों व छोटे दुकानदारों की पूर्ण कर्जा माफी। भृष्टाचार पर रोक लगाने। जैसे अहम मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगी।

### जीएसटी से छोटे व्यापारियों का धंधा चौपट

कामरेड सतीश सेठी ने कहा कि देश की जनता को किसी नेता की नही जनहित की नीतियों की जरूरत है। सभी के लिए शिक्षा, ईलाज, रोजगार, बिजली, पानी, परिवहन ,आवास , खाद्य सुरक्षा व सामाजिक सुरक्षा पेंशन की गारंटी तथा महंगाई व निजीकरण पर रोक समय की जरूरत है। परंतु पिछले दस सालों में अपने हकों की आवाज उठाने वाले किसानों, मजदूरो, कर्मचारियों, महिलाओं, छात्रों, परियोजना वर्कर्स, खिलाड़ियों व सरपंचों पर सरकार ने दमन ही किया है। जीएसटी से जंहा छोटे व्यापारी व दुकानदार का धंधा चैपट कर दिया वहीं आढ़तियों की कमीशन को कम कर अनाज मंडियों को फिर से बंद करने के लिए भाजपा सरकार ने साजिश रची है। इसके विरोध में एसोसिएशन के पांच दिवसीय प्रदर्शन का भी पुरजोर समर्थन किया गया। सीपीआईएम किसानों को सभी फसलों पर एमएसपी की कानूनी गारंटी देने। बेरोजगारों को सम्मानजनक वेतन पर रोजगार।

# विद्यार्थियों को रंगमंच के पहलुओं से करवाया अवगत

■ जीएमएन कॉलेज में शुरू हुई सात दिवसीय रंगमंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। वर्कशॉप में मौजूद छात्र व अन्य। फोटो :हरिभूमि

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में कलाश्री के संयुक्त तत्वाधान में सांस्कृतिक विभाग, संस्कृत ,पंजाबी, अंग्रेजी, हिंदी ,जन संचार विभाग द्वारा सात दिवसीय रंगमंच कार्यशाला का शानदार आगाज हुआ ।इस वर्कशॉप में विद्यार्थियों को रंगमंच के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन और प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में कलाश्री के डायरेक्टर अशोक लहरी ने शिरकत की । कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने दीप प्रज्वलन कर किया। रबनूर और तरुण द्वारा सरस्वती वंदन एवं मनोरमा द्वारा भारत माता की स्तुति प्रस्तुत की गई । प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने मुख्य वक्ता का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत कर आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जीएमएन कॉलेज सदैव ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत रहता है। इसी संदर्भ में विद्यार्थियों को कला और साहित्य के क्षेत्र में प्रेरित करने हेतु कॉलेज प्रशासन द्वारा यह महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई है। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के तौर पर आए अशोक लहरी ने बेहद ही सरल एवं रोचक तरीके से विद्यार्थियों को रंगमंच के विभिन्न पहलुओं जैसे अभिनय कौशल ,संवाद कला और नाटकीय प्रस्तुति जैसे विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी । श्री के डॉयरेक्टर टीएस दुग्गल ,डॉ. अनीश, डॉ. रितु गुप्ता मौजूद रहे।

# चुनाव में पूर्व सीएम को घेरेगी पंजाबी महासभा पंजाबियों के साथ विश्वासघात करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



■ गुरु गोबिंद सिंह यूनिवर्सिटी न बनाने से रोष

गुरु गोबिंद सिंह यूनिवर्सिटी के मुद्दे को लेकर अब राष्ट्रीय पंजाबी महासभा लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को घेरने की तैयारी कर रही है। राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता अशोक मेहता ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी के 350वें प्रकाश उत्सव पर करनाल में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरु गोबिंद सिंह यूनिवर्सिटी बनाए जाने की घोषणा की थी। मगर इस घोषणा को पूरा करने के अभी तक कोई प्रयास तक नहीं किया। उन्होंने कहा कि अब मनोहर लाल करनाल से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसे में महासभा द्वारा जनता के बीच गुरु गोबिंद सिंह यूनिवर्सिटी के मुद्दे को जोर-शोर से उठाया जाएगा। मेहता ने आरोप लगाया कि मनोहर लाल ने न केवल पंजाबियों के साथ विश्वासघात किया है बल्कि उनकी धार्मिक भावनाओं को भी आहत किया है। मगर इस घोषणा को अब तक पूरा नहीं किया गया है।